तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 जनवरी 2025

12 संस्कृत हमारी संस्कृति की संवाहक और हमें इसे संजोए रखना है : साहू



11 कला साधक व छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संवाहक थे...





## खबर संक्षेप

### श्रीरामचरित मानसगान प्रतियोगिता 18 व 19 को

**बालोद।** ग्राम खैरतराई में 18 व 19 जनवरी को दो दिवसीय रामचरित मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जयंत साहू ने बताया कि उसके बाद 20 जनवरी को ग्राम में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में अंबागढ़ चौकी संसारगढ़ का कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम बोरगहन (फुण्डा) में मेला-मड़ई 11 को

**बलोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम बोरगहन (फुण्डा) के साप्ताहिक शनिचरी बाजार में मड़ई मेला का आयोजन 11 जनवरी को किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी व धान संग्रहण केंद्र के हेमाल संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। हेमाल संघ के अध्यक्ष रामचंद बघेल एवं सरपंच संतराम चंद्राकर ने बताया कि रात्रि में झेंझरी महल कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर करेंगे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य गुण्डरदेही दीपक साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बोरगहन संतराम चंद्राकर, प्रभारी धान संग्रहण केंद्र बोरगहन टीडी मानिकपुरी एवं वासुदेव चंद्राकर होंगे।

### गातापार में दो दिवसीय लोक कला महोत्सव 11 व 12 को

**जामगांव आर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर गातापार में दो दिवसीय लोक कला महोत्सव 11 एवं 12 जनवरी को आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि भौतिक चकाचौंध में छत्तीसगढ़ की संस्कार दायिनी मन मोहक संस्कृति को दरकिनार करने वालों को छत्तीसगढ़ की मन मोहक कला संस्कृति से रूबरू कराने यह आयोजन रखा गया है। दो दिवसीय लोक कला महोत्सव गातापार में राउत नाचा, सुवा नृत्य, रामधुनि, पंडवानी, फाग गीत आदिवासी लोकनृत्य रामायण की महक से आच्छादित रहेगा। युवा समाजसेवी वेदकुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मंच के माध्यम से लोगों को एकत्र करके छत्तीसगढ़ की वेशभूषा संस्कृति और सभ्यता को सबके बीच रखने का प्रयास करना है।

### कलंगपुर में मानस गान सम्मेलन 11 व 12 को

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम विकास समिति कलंगपुर, जय बजरंग मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी कलंगपुर के संयुक्त तत्वावधान में 11 एवं 12 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां शामिल होंगी। 10 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान श्री रामचन्द्रजी जी की शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। शाम 5 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित व मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ शेष पेज 11 पर

## सौगात

### ग्राम जुंगेरा में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# धान खरीदी खत्म होते ही अंतर की राशि सभी किसानों को एकमुश्त प्रदान की जाएगी : साय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

हमारी सरकार समूचे छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। हम सब जिले वासियों के सहयोग से बालोद जिले में विकास की गंगा प्रवाहित कर इस कृषि प्रधान जिले का चहुँमुखी विकास सुनिश्चित करेंगे। धान खरीदी खत्म होते ही धान खरीदी के अंतर की राशि किसानों को एकमुश्त प्रदान की जाएगी।

उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही। श्री साय बुधवार को जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जुंगेरा में आयोजित जिले के विकास कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण एवं हितग्राही सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने 141 करोड़ रुपए के कुल 115 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने जिला मुख्यालय बालोद में 400 सीटर भव्य ऑडीटोरियम निर्माण के साथ ग्राम जुंगेरा के बंजारी माता मंदिर में डोम शेड निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालय बालोद में नालंदा परिसर को शीघ्र विकसित करने की भी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शेष पेज 11 पर





## खास बातें

- कार्यक्रम के दौरान 141 करोड़ के 115 विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन
- जिला मुख्यालय बालोद में 400 सीटर भव्य ऑडीटोरियम निर्माण की घोषणा
- ग्राम जुंगेरा के बंजारी माता मंदिर में डोम शेड निर्माण की घोषणा
- जिला मुख्यालय बालोद में नालंदा परिसर को शीघ्र किया जाएगा विकसित



### उन्नति की ओर कदम बढ़ाता हमारा बालोद' पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा बालोद जिले के विकास पर आधारित 'उन्नति की ओर कदम बढ़ाता हमर बालोद' पुस्तक का विमोचन भी किया गया। शासन के विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय एवं अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया।

### सांसद भोजराज ने मांगा चिकित्सा कृषि व मत्स्य महाविद्यालय

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने जिले में कृषि महाविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय, मत्स्य महाविद्यालय, 400 सीटर ऑडिटोरियम, सुरेगांव को तहसील, दल्लीराजहरा में बाईपास रोड़ निर्माण सहित विभिन्न मांग रखी। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विगत 01 वर्षों के दौरान जिले में जो विभिन्न विकास कार्यों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी।

### लेफ्टिनेंट नर्सिंग ऑफिसर ग्राम जमरूवा निवासी वीणा को दी बधाई

श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक बालोद जिले के 31 हजार से अधिक परिवारों को लाभान्वित कर उन्हें पक्का आवास प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत किसानों के धान खरीदी के लक्ष्य में वृद्धि करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए की दर से धान की खरीदी की जा रही है। इसी तरह तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य के अंतर्गत 4000 मानक बोरा को बढ़ाकर 5500 रुपये करने तथा तेंदुपत्ता संग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए लगातार 15 दिन तक तेंदुपत्ता तोड़ाई का कार्य जारी रखने का निर्णय लिया गया है। साय ने रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 20 लाख भक्तों को भगवान रामलला का दर्शन कराने की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री साय ने अभी हाल ही में शेष पेज 11 पर

### हेलीपेड पर मुख्यमंत्री साय का स्वागत...

हेलीपेड पर मुख्यमंत्री साय का आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक जगदलपुर किरण देव के जुगेरा हेलीपेड स्थल पर सांसद भोजराम नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं वीरेंद साहू तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। जनसंपर्क विभाग के स्टाल में मुख्यमंत्री साय ने जिले के गुरुर विकासखंड के पर्यटन स्थल ग्राम ओनाकोना के पर्यटन समिति के सदस्यों को कैंपिंग टेंट एवं कार्पेट प्रदान किया।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# ओनाकोना पर्यटन समिति के सदस्यों को प्रदान किए कैंपिंग टेंट एवं कारपेट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में पहुँचकर वहाँ पर लगाए गए विकास कार्यों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने जिले के गुरूर विकासखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ग्राम ओनाकोना के पर्यटन समिति के सदस्यों को कैंपिंग टेंट एवं कारपेट प्रदान कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जिले के पर्यटन स्थल ओनाकोना की विशेषताओं तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया एवं फोटो प्रदर्शनी के संबंध में जानकारी दी। जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका जनमन एवं सुशासन का 01 वर्ष की उपलब्धि का वितरण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल मैदान जुंगेरा में आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण एवं हितग्राही सम्मान समारोह कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस, शिक्षा, समाज कल्याण, आदिवासी विकास, उद्यानिकी, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं अन्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### धानापुरी में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

# पंडाल में गूंजा भगवान श्री कृष्ण के जयकारे





हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम धानापुरी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। जहां श्री कृष्ण जन्म होते ही कथा पंडाल पुष्प वर्षा की गई। पूरा पंडाल श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

कथावाचक पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि भगवान भक्तों की हर समय सहायता करते हैं। जब भी समय मिले भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। भगवान घट-घट में, हर प्राणी में निवास करते हैं। भगवान की भक्ति में शक्ति होती है। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि कलियुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा एक ऐसी कथा है, जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि–त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया।

भागवत कथा के सातवें दिन रुक्मिणी विवाह की कथा बताई गई। जहां प्रतिदिन आसपास के श्रद्धालु कथा का रसपान करने अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। भागवत कथा में गुरुवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा बताई जाएगी।

## खबर संक्षेप



### कमेटी में शामिल नहीं किए गए शिक्षक, दो की हालत गंभीर

**रायपुर।** सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग कर रहे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों में से दो सहायक शिक्षिकाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। अपनी मांगों को लेकर शिक्षक आमरण अनशन पर हैं। मंगलवार को अनशन का चौथा दिन रहा। शासन द्वारा धरना स्थल पर किसी तरह की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। ऐसे में आंदोलनकारियों ने हालात बिगड़ने पर स्वयं ही एम्बूलेंस को फोन करके शिक्षिकाओं को भर्ती कराया। शिक्षकों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। शिक्षक विगत 14 दिसंबर से नया रायपुर के धरना स्थन पर अपनी मांगों को लेकर डेरा जमाए हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता है, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

### शिवसेना के सभी राज्य प्रमुखों को मुंबई किया आमंत्रित



**रायपुर।** शिवसेना राष्ट्रीय प्रमुख, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ महाराष्ट्र सरकार में शिवसेना के मंत्रियों, सांसदों के साथ छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, कार्यकारी अध्यक्ष मधुकर पांडेय एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश प्रमुख पदाधिकारियों की मीटिंग मुंबई में होगी। बैठक में शिवसेना के देशभर में विस्तार और संगठन को मजबूत करने श्री शिंदे ने सभी राज्य प्रमुखों को मुंबई आमंत्रित किया है।

### जारी रहेगा रात के तापमान में दो डिग्री का उतार-चढ़ाव

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रात के तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति जारी रहने की संभावना है। अभी तापमान में गिरावट का दौर चल रहा है, इसके बाद पारा पुनः ऊपर की ओर खिसकेगा। अभी उत्तरी हिस्से का तापमान सामान्य स्थिति में आ चुका है और मध्य का पारा दो डिग्री तक ऊपर चढ़ चुका है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में अभी बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ के आने और जाने के बाद रात के तापमान में दो से तीन डिग्री का ही फेरबदल होगा। सुबह तक ठंड महसूस हो रही है, इसके बाद कड़ी धूप अपना असर दिखा रही है। ठंड का ज्यादा प्रभाव अभी सरगुजा संभाग में ही महसूस हो रहा है। अभी तापमान में गिरावट का दौर चल रहा है, इसके बाद पुनः पश्चिमी विक्षोभ आने से न्यूनतम तापमान में वृद्धि संभावित है। मंगलवार को रायपुर में तेज धूप रही और तापमान 30 डिग्री तक पहुंचा। धूप में गर्मी महसूस हुई, मगर छांव वाले क्षेत्र में ठंडकता का असर रहा।

### चैंबर के मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में मंगलवार को चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने चैंबर के मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली से मुलाकात की तथा रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स द्वारा चैंबर के पक्ष में सुनवाई करते हुए चैंबर संविधान संशोधन को पारित कर आदेश जारी किया है, जिसकी छायाप्रति चैंबर के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री भंसाली एवं चुनाव अधिकारी प्रकाशचंद्र गोलछा के समक्ष प्रस्तुत कर अवलोकन के बाद चुनाव की आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निवेदन किया। मुलाकात करने वालों में चैंबर के पदाधिकारी अजय भसीन, उत्तमचंद गोलछा, राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, शंकर बजाज एवं कैट के कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा आदि उपस्थित थे।

# एनआईटी 28 फरवरी को बांटेगा पदक, पहली बार 4 माह के अंतराल में ही दीक्षांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनआईटी रायपुर का 15वां दीक्षांत समारोह 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। एनआईटी के इतिहास में यह पहली बार है जब केवल चार माह के अंतराल में ही दोबारा दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके पूर्व 25 अक्टूबर को एनआईटी ने अपना 14वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया था। पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुए इस दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विद्यार्थियों को पदक बांटे थे। प्रबंधन के मुताबिक, 15वें दीक्षांत में पदक कौन बांटेगा इसका निर्धारण अब तक नहीं हो सका है। अतिथियों का निर्धारण होने के साथ ही एनआईटी द्वारा इसकी घोषणा कर दी जाएगी। जारी की गई पदक सूची के अनुसार, इस बार ओवर ऑल टॉपर कंप्यूटर साइंस ब्रांच से है। 9.75 सीपीआई हासिल कर श्रीयांश गौर ओवरऑल टॉपर बने हैं। गौरतलब है कि एनआईटी का स्थापना दिवस एक दिसंबर है। लंबे समय तक स्थापना दिवस के दिन ही दीक्षांत आयोजित किए जाने की परंपरा एनआईटी में रही। लेकिन अब इसे समाप्त कर दिया गया है। स्थापना दिवस के दिन ही दीक्षांत होने पर एक वर्ष के अंतराल में आयोजन होते थे।

- दो वर्ष पहले समाप्त हुई थी स्थापना दिवस के दिन दीक्षांत की परंपरा

## 25 अक्टूबर को 14वें दीक्षांत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बांटे थे पदक

### 1279 को पदक, इनमें 1052 स्नातक छात्र

एनआईटी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर मेरिट लिस्ट जारी करने के साथ ही उन विद्यार्थियों की सूची भी प्रदान कर दी है, जिन्हें समारोह में उपाधि प्रदान की जाएगी। जारी की गई सूची के अनुसार, 2024 में बीटेक और एमटेक की परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले 1279 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें से 1052 बीटेक के छात्र हैं, जबकि 227 विद्यार्थी एमटेक के हैं। एनआईटी ने इन सभी छात्रों की सूची वेबसाइट पर अपलोड करते हुए किसी तरह की त्रुटि होने पर परीक्षा नियंत्रक से संपर्क करने कहा है।




### उत्तीर्ण थे छात्र, लेकिन मेरिट लिस्ट नहीं

अक्टूबर 2024 में हुए दीक्षांत समारोह में उन विद्यार्थियों को पदक और उपाधियां वितरित की गई थीं, जिन्होंने 2023 में अपनी पढ़ाई पूर्ण की थी। जून-जुलाई 2024 में समाप्त हुए बैच के परिणाम भी जारी हो चुके थे, लेकिन मेरिट लिस्ट, दावा आपत्ति सहित अन्य तरह कह तैयारियां नहीं होने के कारण 2024 के छात्रों को राष्ट्रपति के हाथों पदक नहीं दिए जा सके। दीक्षांत संबंधित तैयारियां पूर्ण होने के बाद अब अगले माह पदक वितरित किए जाएंगे। छात्रों से दीक्षांत के लिए 17 नवंबर 2024 तक आवेदन मांगे गए थे।

## रायपुर नगर निगम का महापौर पद

# कांग्रेसी दावेदार अब पत्नियों के नाम आगे कर रहे भाजपा-कांग्रेस में महिलाएं भी थोक में दावेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के नगर निगम का महापौर पद आरक्षण में सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद जहां कांग्रेस के पुरुष दावेदारों के मंसूबों पर पानी फिर गया है, वहीं कांग्रेस के ये दावेदार अब अपनी पत्नियों का नाम आगे कर रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा के दावेदारों ने साफ शब्दों में अपनी पत्नियों के नाम आगे करने से इनकार कर दिया है। इधर भाजपा और कांग्रेस में थोक में महिला दावेदार हैं। जहां भाजपा से नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का नाम पहली दावेदार के रूप में लिया जा रहा है, वहीं कांग्रेस से पूर्व महापौर किरणमयी नायक की दावेदारी सबसे प्रबल है।

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर के लिए निकली लाटरी में रायपुर से महापौर का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित घोषित किया गया है। इसके बाद से ही महापौर का चुनाव लड़ने वाले पुरुष दावेदार निराश हो गए हैं। दूसरी तरफ महिलाओं में इस बात को लेकर खुशी है कि उनको अब मौका मिलेगा।



### पत्नियों का नाम किया आगे

कांग्रेस से महापौर के लिए थोक में पुरुष दावेदारों के नाम चल रहे थे, लेकिन अब इनको तगड़ा झटका लगा है। बावजूद इसके ये हार मानने वाले नहीं हैं। सभी दावेदार एक स्वर में अपनी पत्नियों के नाम आगे करने की बात कर रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर का कहना है, वे महापौर हैं, तो वे स्वाभाविक रूप से अपनी पत्नी अर्जुमन ढेबर के नाम की दावेदारी करेंगे। इसी तरह से प्रमोद दुबे अपनी पत्नी दीप्ति प्रमोद दुबे, कुलदीप जुनेजा अपनी पत्नी परमजीत कुलदीप जुनेजा, सतनाम पनाग अपनी पत्नी अमनदीप कौर पनाग, कन्हैया अग्रवाल अपनी पत्नी डॉ. मीनाक्षी कन्हैया अग्रवाल, कुणाल शुक्ला अपनी पत्नी प्रीति उपाध्याय के नाम से दावेदारी करने की बात कर रहे हैं। इधर विकास उपाध्याय ने साफ तौर पर अपनी पत्नी के नाम से दावेदारी करने से इनकार कर दिया है।

### कांग्रेस से किरणमयी का नाम प्रमुख

कांग्रेस से इस समय पहला प्रमुख नाम पूर्व महापौर किरणमयी नायक का सामने आ रहा है। वह पहले भी सामान्य सीट से चुनाव लड़कर जीती हैं। उन्होंने हरिभूमि से कहा, पार्टी चाहेगी तो वह जरूर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी के पास भी महिला दावेदारों के नाम पहुंचे हैं। जिनका दावा पार्टी के पास पहुंचा है, उसमें नगर निगम अपीली समिति की सदस्य कविता ग्वालानी, संगीता दुबे, उषा रज्जन श्रीवास्तव, ममता राय, प्रगति वाजपेयी, राधिका नागभूषण, वंदना राजपूत का नाम शामिल है।

### भाजपा में योग्य महिला उम्मीदवारों की कमी नहीं : सुभाष तिवारी



महापौर पद के दावेदार नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी का साफ कहना है, पत्नियों का नाम आगे करने की भाजपा में कभी परंपरा नहीं रही है। हमारी पार्टी का कोई भी महापौर का दावेदार अपनी पत्नी का नाम आगे नहीं करेगा। हमारी पार्टी में महापौर का चुनाव लड़ने के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों की कमी नहीं है। पार्टी किसी भी योग्य महिला को चुनाव मैदान पर उतारेगी।

### भाजपा में मीनल सहित कई दावेदार

भाजपा में महापौर की टिकट के लिए नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का नाम सबसे प्रबल है। उनका नाम पहले रायपुर दक्षिण से विधानसभा चुनाव में दो बार चल चुका है। पहले मुख्य विधानसभा चुनाव और इसके बाद दक्षिण के उपचुनाव में भी उनकी दावेदारी थी। इसी के साथ भाजपा में अन्य दावेदारों में सरिता दुबे, विश्वदिनी पांडेय, सीमा साहू, समाज कल्याण बोर्ड में रही पूर्व पार्षद हेमलता चंद्राकर, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष शताब्दी पांडेय का नाम प्रमुख है। आने वाले समय में दावेदारों के नामों में और इजाफा होगा।

# पीएचसी के लिए आरक्षित सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाई बाउंड्रीवाल तोड़ी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शहर से ग्राम दतरेंगा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए आरक्षित की गई करीब 50 डिसमिल सरकारी जमीन पर एक व्यक्ति ने कब्जा कर वहां बाउंड्रीवॉल का निर्माण करा लिया था। तहसील कार्यालय से नोटिस जारी होने के बाद भी इस बाउंड्रीवॉल को हटाया नहीं जा रहा था। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मंगलवार को यहां पहुंचकर बाउंड्रीवॉल को तोड़कर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। कलेक्टर ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को तेजी से हटाने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद राजस्व अधिकारी ने भी अब शासकीय जमीनों को कब्जा मुक्त कराने का अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत ग्राम दंतरेंगा में तहसीलदार पवन कोसमा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यह जमीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए आरक्षित थी, जिस पर पंजवानी सरनेम वाले व्यक्ति ने कब्जा कर यहां बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया था। तहसीलदार ने बाउंड्रीवाल को तोड़ने सहित कब्जा मुक्त करने के लिए संबंधित व्यक्ति को कई बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी उसके द्वारा सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं किया जा रहा था। इस प्रकरण में अब राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से बाउंड्रीवाल को तोड़कर इसे कब्जा मुक्त कराया।

### तालाब किनारे की जमीन को कब्जा मुक्त किया

एक अन्य मामले में ग्राम डोमा में कुछ लोगों ने गांव के तालाब से लगी जमीन को कब्जा कर लिया था। इस जमीन पर लोगों ने सीमेंट के पोल गाड़कर उसे फेंसिंग तार से घेर रखा था। इसकी जानकारी पटवारी से मिलने पर राजस्व विभाग की टीम यहां पहुंची और जेसीबी की मदद से पोल और फेंसिंग तार को उखाड़कर जमीन को कब्जा मुक्त किया। तहसीलदार ने बताया कि तालाब की जमीन पर संतोष चक्रधारी ओर जेठू नामक व्यक्ति ने कब्जा किया था।

### साव ने कहा- निकाय और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराना संभव नहीं

**रायपुर।** निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि निकाय और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराना संभव नहीं है। दोनों ही चुनाव के लिए आचार संहिता एक साथ लगेगी, लेकिन मतदान अलग-अलग चुनाव कार्यक्रम के तहत चरणबद्ध होंगे। उन्होंने कहा, अगले दो दिनों में निकाय और पंचायत आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को सरकार चुनाव कराने की सिफारिश करेगी। श्री साव ने कहा, चुनाव की घोषणा एक साथ होगी और हमारी मंशा चुनाव एक साथ कराने की है।

'यंग इंडिया के बोल' का पोस्टर लॉन्च, यह लगातार पांचवां वर्ष

# यूथ कांग्रेस बनवाएगी इंस्टाग्राम व फेसबुक रील्स, इसके जरिए चुने जाएंगे प्रवक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यूथ कांग्रेस अब इंस्टाग्राम और फेसबुक रील्स के माध्यम से अपने प्रवक्ताओं का चुनाव करेगी। इसके लिए यंग इंडिया के बोल नामक कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका पोस्टर लॉन्च मंगलवार को गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में किया गया। स्पर्धा का यह लगातार पांचवां वर्ष है। इसके तहत युवा कांग्रेस जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ताओं को चुनती है। इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से 35 वर्ष के सभी युवा भाग ले सकते हैं। उन्हें देश एवं प्रदेश में चल रहे किसी भी एक विषय पर अपना एक वीडियो या रील बनाने होते हैं। इसके बाद जिला स्तर पर एवं प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं को चयनित किया जाता है।




यूथ कांग्रेस के अनुसार, यह केवल एक प्रतिभा खोज कार्यक्रम नहीं है। यह युवा आवाजों को सशक्त बनाने और हमारे देश में बदलाव लाने वाले भविष्य के नेताओं को सामने लाने के लिए एक आंदोलन है। यह कार्यक्रम पूरे देश भर के युवाओं के लिए है। जो तथ्यों के साथ अपनी बात रख सके, उन्हें युवा कांग्रेस जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता के रूप में युवा कांग्रेस में शामिल करेगी।

### वेबसाइट और ऐप के जरिए पंजीयन

प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने बताया, इसके लिए आवेदन अभी खुले हैं। इच्छुक प्रतिभागी YIKB वेबसाइट या WITH IYC ऐप पर अपना वीडियो भेजकर पंजीकरण कर सकते हैं। प्रतियोगिता तीन स्तरों पंजीकरण, राज्य स्तर, और राष्ट्रीय स्तर और तीन श्रेणियों - भाषण, वाद-विवाद, और रील निर्माण में आयोजित की जाएगी। पंजीकरण स्तर से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में आगे बढ़ेंगे और राज्य स्तर के विजेता अंतिम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### दिए जाएंगे नकद पुरस्कार

राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को भारतीय युवा कांग्रेस के राज्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने का अवसर मिलेगा और उन्हें वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ताओं से मार्गदर्शन मिलेगा। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं, उपविजेताओं, और सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# पीएम रिपोर्ट में खुलासे के बाद हत्यारा गिरफ्तार, शराबी नाती ने किया था सिर पर वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र अंतर्गत शहीद नगर में एक बुजुर्ग महिला की सिर पर चोट लगने से मौत का मामला हत्या का निकला। महिला पर उसी के नाती ने नशे की हालत में वार किया था, जिससे उसकी मौत हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी चीज से सिर पर वार करने से मौत होना पाया गया। इस खुलासे के बाद पुलिस ने जब जांच की, तो पता चला कि घटना के बाद से मृतका का नाती भी गायब है। पुलिस ने संदेह के आधार पर नाती की खोजबीन कराई, पर उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उसे तलाश किया जा रहा था। आखिरकार मंगलवार को उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल लिया है।

खमतराई थाना प्रभारी ने बताया कि 3 नवंबर को पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली थी कि शहीद नगर निवासी 75 वर्षीय भुरी बाई यादव के सिर पर चोट लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने तक जांच में लिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, तो पता चला कि मृतका की मौत गिरने से आई चोट के कारण नहीं, बल्कि उसके सिर पर किसी चीज से वार करने से हुई है। डाक्टरी रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर नये सिरे से इसकी जांच शुरू की।

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

इस दौरान पुलिस को पता चला कि जिस दिन मृतका के सिर पर चोट आई है, उसी दिन से उसका नाती प्रेम यादव 35 वर्ष भी गायब है। पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला कि प्रेम आदतन शराबी है तथा अक्सर घर पर शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा किया करता था। पुलिस ने प्रेम के परिजनों से पूछताछ की, तो पता चला कि उन्हें भी पता नहीं है कि प्रेम कहां है। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से प्रेम के उसके घर में आने की सूचना मिली, जिसके बाद उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश जेल भेज दिया है।

# निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी हफ्ते में दो दिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय में बैठेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों की तरह अब नगर निगम मुख्यालय से लेकर सभी जोन कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रत्येक सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय में बैठना अनिवार्य होगा। कलेक्टर के निर्देश के अनुसार इन दोनों दिन अधिकारी-कर्मचारी आम लोगों की समस्याएं सुनकर जल्द से जल्द निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

निगम में प्रशासक का चार्ज संभालने के दूसरे दिन कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने निगम मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त के अलावा सभी जोनों के कमिश्नर भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में निगम के कार्यो की समीक्षा करने के साथ निगम मुख्यालय सहित सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए है कि प्रत्येक सप्ताह में सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय में बैठे और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि शासन की लोक कल्याणकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन और निराश्रित पेंशन के तहत कोई भी आवेदन लंबित ना रहे एवं उसकी स्वीकृति में अनावश्यक विलंब न हो इसका पूरा ध्यान रखें।

### कलेक्टर के निर्देश ; 10 बजे पहुंचने लगे अधिकारी-कर्मचारी

कलेक्टर के निर्देश का असर कलेक्टोरेट के कई विभागों के कार्यालयों में मंगलवार को देखा गया। खाद्य विभाग, समग्र शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, भू-अभिलेख, ट्रेजरी, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, राजस्व सहित कई विभागीय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से ही अधिकारी-कर्मचारी पहुंच गए थे, जिसके कारण सुबह 10.30 बजे से ही कई विभागों के कार्यालयों में आम लोगों की भीड़ भी देखने को मिली।

# विशेषज्ञों की टीम करेगी एचएमपीवी के लक्षण और प्रभावों का अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एचएमपीवी के लक्षण और होने वाले प्रभावों का अध्ययन विशेषज्ञों से कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग हर आपदा से निपटने के लिए तैयार है। इस वायरस को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि इस वायरस को रोकें और साथ ही इससे लड़ने के लिए आम जनता को भी जागरूक करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह वायरस पहले भी रिपोर्ट किया जा चुका है और इससे घबराने की कोई बात नहीं है, लेकिन सावधानी बरतनी जरूरी है। उन्होंने आम जनता से स्वच्छता पर जोर देने की बात कही है। देश के कुछ राज्यों में इसके मरीज मिलने की सूचना मिलते ही राज्य के स्वास्थ्य विभाग का अमला अपनी तैयारी में जुट गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह एक सामान्य रेस्पिरेटरी वायरस है जो आम तौर पर सर्दी के दिनों में दिखाई पड़ता है।

## दिनभर रहा शादी का माहौल

# अपर कलेक्टर की कोर्ट में एक दिन में 10 जोड़ों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विशेष विवाह अधिनियम के तहत मंगलवार को कलेक्टोरेट कोर्ट में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इन जोड़ों के विवाह के कारण कलेक्टोरेट में दिनभर शादी समारोह का माहौल रहा। सभी जोड़े अपने कोई रिश्तेदार एवं परिचित लोगों के साथ पहुंचे थे।

विवाह होने के बाद जोड़ों के रिश्तेदारों एवं परिचित लोगों ने एक-दूसरे के साथ कोर्ट के कर्मचारियों को भी मिठाई खिलाकर इस विवाह की खुशियां मनाई। अपर कलेक्टर निधि साहू ने कहा कि कोर्ट मैरिज आवेदन देकर आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जोड़े के आवेदन में अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर-विधवा तथा उनके बीच कोई रक्त संबंध नहीं है। इसका स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। इसके लिए जोड़े को शपथ पत्र भी देना होगा।




अपर कलेक्टर ने बताया कि विवाह के लिए जोड़े को आवेदन पत्र 7 प्रति में पेश करना होता है। शपथ पत्र वर-वधु दोनों का जिसमें अविवाहित-तलाकशुदा-विधुर, विधवा का एवं उनके बीच कोई रक्त संबंध नहीं है, का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। तलाकशुदा होने की स्थिति में संबंधित न्यायालय का आदेश-डिग्री एवं विधुर-विधवा होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र होना चाहिए।

जन्मतिथि के लिए अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा जन्म प्रमाण पत्र दोनों की प्रति, वर-वधु की फोटो के साथ वर-वधु का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, बिजली बिल, राशन कार्ड की फोटोकॉपी भी देना होगा।

### विवाह के एक महीने पहले दावा-आपत्ति की सूचना

विवाह कराने की तारीख के एक महीने पहले कोर्ट द्वारा कार्यालय के नोटिस बोर्ड में दावा-आपत्ति के लिए सूचना का प्रकाशन किया जाता है। इसके तहत 30 दिन के भीतर कोई भी विवाह पर आपत्ति दर्ज करा सकता है। आपत्ति आने पर उसका निराकरण करने के बाद ही विवाह कराया जाता है। विवाह के 13 दिन के बाद जोड़े को धारा 13 के अंतर्गत विवाह प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

**भिलाई।** सम्प्रति सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में 9 से 15 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन श्रीराम भद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में कथावाचक आचार्य संदीप तिवारी फतेहपुर वाले द्वारा किया जाएगा। आचार्य श्री तिवारी ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 9 जनवरी को दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी। जो क्षेत्र के विभिन्न चौक- चौराहों से होकर गुजरेगी। भागवत कथा को आयोजन 15 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन कथा, आरती व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में अपने दिवंगतों व पितृ जनों के निमित्त भी भागवत कथा संपन्न कराई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए रामभद्र सेवामंडल सेक्टर 2 मंदिर में संपर्क किया जा सकता है।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर चोरी रने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम मुड़पार जामुल निवासी श्याम सिंह चौधरी ने शिकायत किया कि गांव के सूरज बंजारे और गोवर्धन जोशी ने मकान का ताला को तोड़कर नगदी हजार रुपए और आधार कार्ड चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी सूरज बंजारे को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर घटना को करना स्वीकार किया। चोरी की रकम 500 रूपये, आधार कार्ड को पुलिस बरामद किया। फरार गोवर्धन जोशी की तलाश में जुटी हुई है।

### बीएसपी के चिकित्सा शिविर में हुए लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क खदान समूह, राजहरा के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम कलवर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । कलवर में आयोजित चिकित्सा शिविर में 120 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। परिधीय क्षेत्र मे शिविर का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### श्रमिक बहुल बस्ती छावनी के बजबजा रहे शौचालय

**भिलाई।** श्रमिक बाहुल्य बस्ती औद्योगिक क्षेत्र छावनी वार्ड के सुलभ शौचालयों में व्याप्त भारी गंदगी और बदबू से रहवासियों को परेशानी हो रही है। नगर निगम इस मामले में पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। इससे संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रमेश यदु ने भिलाई निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को ज्ञापन सौंपकर सभी सुलभ शौचायलयों की नियमित साफ सफाई कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि यह बस्ती श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, जहां पर आज भी कई घर ऐसे हैं जहां पर शौचालय नहीं है जिसके घर शौचालय नहीं है उनके परिवार के लोग आज भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय पर आश्रित है और सुलभ शौचालय की स्थिति बदतर है । छावनी बस्ती मंगल बाजार , लक्ष्मण नगर, दर्री तालाब , आदिवासी नगर के सार्वजनिक सुलभ शौचालय की स्थिति खराब व जर्जर स्थिति में है। पूरा मलमा बाहर बह रहा है, जिससे कभी भी हैजा जैसी बीमारी फैल सकती है ।मंगल बाजार में आए दिन सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।

## निधन

### कुंवर सिंह सिन्हा



**बालोद।** ग्राम सेमरकोना निवासी कुंवर सिंह सिन्हा का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे तुलसी बाई के पति, राजकुमार सिन्हा व बीरबल सिन्हा के पिता थे।

---

छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों व कलाकारों ने गीतकार गिरवर दास को दी श्रद्धांजलि

# कला साधक व छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संवाहक थे गिरवर दास मानिकपुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

लैला टिप टॉप, छैला अंगूठा छाप जैसे दर्जनों फिल्म में संवाद एवं गीत लिखने वाले छत्तीसगढ़ के कला एवं साहित्य जगत के गिरवर दास मानिकपुरी का 67 वर्ष की उम्र में मृत्यु होने से कला जगत में शोक व्याप्त है।

1980 के दशक में मुकुंद कौशल के सानिध्य में आकाशवाणी रायपुर से कविता पाठ की शुरुआत करने वाले गिरवर दास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ी में चर्चित फिल्म झन भूलो मां बाप ला के संवाद लिखे थे। वे कवि सम्मेलन के मंच के साथ रंगमंच में भी अपने अनोखे अभिनय से पहचान बनाने वाले साहित्य एवं कला दोनों में बराबर दखल रखते थे। उनके गीतों में प्राकृतिक सौंदर्य, श्रृंगार, समाज में व्याप्त कुर्तियां पर व्यंग प्रहार देखने को मिलता था। लोक व्यवहार में काफी मिलनसार एवं मधुर स्वभाव के थे। उनके अंतिम कार्यक्रम में यूट्यूबर जितेंद्र वर्मा वैद्य के संयोजन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य एवं कला क्षेत्र की हस्तियां शामिल हुईं। उन्होंने गीत, कविता, भजन के माध्यम से संगीत में भावपूर्ण श्रध्दांजलि अर्पित की।




### छत्तीसगढ़ की ये प्रमुख हस्तियां हुईं शामिल

इव अवसर पर कविता वासनिक अनुराग धारा राजनंदगांव, मीर अली मीर, डॉक्टर पीसी लाल यादव, डॉक्टर परदेसी राम वर्मा, केशव राम साहू, शिव कुमार अंगारे, नवल दास मानिकपुरी, उर्वशी साहू, अनुसुइया मानिकपुरी, पुरानिक साहू, डॉक्टर अशोक आकाश, राजेश चौहान, मोहनलाल कबीरपंथी, गजराज दास महंत, बलराम चंद्राकर, रामकुमार साहू, लोकनाथ यादव, राजकुमार मसखरे, दिलीप टिकरिया ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कला एवं साहित्य क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति बताते हुए माटी के महक को आम जनता तक पहुंचने वाले सरस्वती पुत्र, कला साधक और संस्कृति का संवाहक बताया।



# गौ अभयारण्य स्थापना की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश ने मुख्यमंत्री साय को सौपा ज्ञापन

पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने बालोद जिले में गौ अभयारण्य स्थापना की मांग करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में गौ संवर्धन के लिए गौ अभयारण्य की स्थापना आवश्यक है। जिले में वनांचल से लेकर ग्रामीण अंचलों तक हजारों की संख्या में गौमाताएं यत्र-तत्र दिखाई पड़ती हैं। कृषि प्रधान जिला होने के कारण खेती किसानी के समय घुमंतु गौवंशों के कारण फसल सुरक्षा को लेकर किसानों को भी बहुत समस्या होती है। गौ अभयारण्य के लिए जिले में तीनों जलाशय के पास में सैकड़ों एकड़ भूमि रिक्त पड़ी है। उन स्थानों पर गौ अभयारण्य की स्थापना करने पर पानी व चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा। इसलिए तांदुला बांध, सुखा जलाशय, गोंदली जलाशय, खरखरा जलाशय के पास किसी भी स्थान पर गौ अभयारण्य की स्थापना की जा सकती है।

# शिक्षा के लिए जागरूक करने बच्चों को बांटी गई कलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के मौके पर ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन का कार्यक्रम

बालोद शहर में मंगलवार को जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज सरकार के उर्स मुबारक छटी शरीफ के मौके पर ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन, बालोद की ओर से कलम का लंगर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक करने के लिए कलम बांटी गई। इस अवसर पर जामा मस्जिद बालोद के मुतवल्ली शाहिद अहमद ने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालीम हासिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर वालिद और वालिदैन की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए अच्छी शिक्षा दे। कार्यक्रम में विशेष रूप से फाउंडेशन के संरक्षक जमील बख्श, जिलाअध्यक्ष अजहर कुरैशी, जिला सचिव रहीम मोहम्मद, सह सचिव बशीर खान, हकीम ताज, रिजवान कुरैशी, जामा मस्जिद बालोद के पेश इमाम सकील रजा, जामा मस्जिद बालोद के मुतवल्ली शाहिद अहमद, हाजी खलील अहमद, हाजी सलीम खान समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।




### पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा कार्यक्रम

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बच्चों के साथ उनके माता-पिता को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहा है। एक छोटा सा कार्यक्रम 'कलम का लंगर' पूरे प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी के तहत जामा मस्जिद परिसर बालोद में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सीएम ने की कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत ...



**बालोद।** नगर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान वे लगभग ढ़ेड़ घंटे जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। इस अवसर पर उन्होंने आगामी चुनाव के साथ ही विकास कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने भाजपा मंडल बालोद द्वारा निराश्रित पेंशनधारियों को कंबल बांटने के कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए 100 हितग्राहियों को कंबल प्रदान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने बताया कि आगामी दिनों में भाजपा मंडल द्वारा अन्य 1900 पेंशनधारियों को कंबल प्रदान किया जाएगा।

# शिक्षकों ने कविताओं व गीतों से बांधा समां

## शिकसा ने किया कवि सम्मेलन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने नव वर्ष का उमंग शिकसा के संग साझा करने के लिये शिकसा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान व टीकाराम सारथी हसमुख सलाहकार शिकसा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना किरण शर्मा व राजगीत तारा बन्छोर ने प्रस्तुत कर किया। इस अवसर पर 16 फरवरी को प्रस्तावित शिकसा महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में हरमन कुमार बघेल, संतोष कुमार मिरी, मोहित कुमार शर्मा, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, राजीव लोचन कश्यप, मदनलाल तोमर, शकुन्तला सहंश, रामलाल कोसले, हेमा चन्द्रवंशी, शिवकुमार अंगारे, शशिकला पाण्डेय, विंध्यवासिनी पांडेय, नैना साहनी, दिनेश कुमार दुबे, चन्द्रकला शर्मा, रेखा पात्रे, प्रियंका सिन्हा, सुनीता जर्नादन ने स्वरचित गीत कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार पटेल व आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन ने किया।

# भगवान श्री कृष्ण ने तोड़ा इंद्र का अहंकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम समोदा में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित भूपेंद्र पांडे ने रुक्मिणी मंगल विवाह का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जिस तरह से इंद्र और ब्रह्मा जी के घमंड को मर्दन करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा करवाई और ब्रह्मा जी के घमंड को नष्ट करने के लिए भगवान श्री कृष्ण गाय ग्वाल आदि लेकर ब्रह्मा एवं इंद्र देव का घमंड को तोड़ा। उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी अच्छे कार्य हो उसे माता पिता, गुरु या गोविंद के चरणों में रख देना चाहिए।

इस अवसर पर गांव के केशव देशमुख, दामन देशमुख, नरेंद्र निषाद , धूरसिंह विश्वकर्मा, लेखन यादव, क्रोधी दिल्लीवर, योगेंद्र देशमुख, थनेंद्र देशमुख, चुम्मन देशमुख, छगन देशमुख, ओमप्रकाश देशमुख, गोपाल निषाद, लखन लाल, अमर सिंह निषाद, विकास निषाद सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# पत्रकार की हत्या के आरोपी पर चौतरफा सख्ती, अब ठेकेदारी का पंजीयन निलंबित, सभी ठेके निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ व्यावसायिक स्थल पर आवश्यक रिकॉर्ड और चालान पाए गए हैं अधूरे

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या के आरोपी सुरेश चंद्राकर के खिलाफ सरकारी शिकंजा कसने के साथ ही अब चौतरफा सख्ती की जा रही है। सड़क निर्माण संबंधी ठेकेदारी करने वाले इस आरोपी का ठेकेदारी के लिए किया गया पंजीयन निलंबित कर दिया गया है। इससे एक दिन पहले ही आरोपी की फर्म पर जीएसटी का छापा पड़ा था, उसमें भी अनियमितताएं सामने आई हैं। बताया गया है कि इस आरोपी ठेकेदार के सभी ठेके निरस्त कर दिए गए हैं। **पंजीयन निलंबित करने का आदेश :** हत्या के आरोपी सुरेश चंद्राकर के पास अ वर्ग ठेकेदार का पंजीयन था। इस संबंध में मुख्य अभियंता कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि यह ठेकेदार सुरेश चंद्राकर का नाम बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के मुख्य आरोपी के रूप में समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाने के बाद गिरफ्तार किए जाने के कारण उसका अ वर्ग ठेकेदार का पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की गई है। यह अनुशंसा मुख्य अभियंता बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर ने की है। इस अनुशंसा को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग ने उसका पंजीयन निलंबित किया है।

### जीएसटी का छापा भी

बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के आरोपी सुरेश चंद्राकर की फर्म पर अब जीएसटी का शिकंजा कसा है। बीजापुर जिले में स्थित सड़क निर्माण करने वाली फर्म मेसर्स सुरेश चंद्राकर के परिसरों पर निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि फर्म ने विगत वित्तीय वर्षों में 2 करोड़ से अधिक की अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया है। वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा इस मामले में विस्तृत जांच की जा रही है। राज्य वाणिज्यिक कर विभाग की जांच में पाया गया है कि फर्म द्वारा विगत वर्षों में पात्रता से अधिक आईटीसी दावों की पहचान की गई है। वाहनों और कपड़ों जैसे अपात्र वस्तुओं पर आईटीसी का दावा किया गया जो जीएसटी प्रावधानों के खिलाफ है। व्यावसायिक स्थल पर आवश्यक रिकॉर्ड और चालान अधूरे पाए गए हैं। सीमेंट और सरिया के क्रय दिखाकर बड़ी राशि का इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया गया है, उस अनुपात में बिटूमीन क्रय नहीं दिखाया है।

# हल्बा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद भोजराज से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के हल्बा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग से कांकेर निवास में सौजन्य मुलाकात कर हल्बा समाज के लिए ब्लाक छेड़िया में भवन की मांग की। इस पर समाज के लोगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हल्बा समाज के ब्लांक अध्यक्ष मनोहर किशोर, सांसद प्रतिनिधि महेत्तर नेताम, कुमलाल देहारी, शिवचरण कोटपरिया, भुवन खरांशु, चन्द्रकुमार रावटे, तीजू राम सिवना शामिल थे।



## पेज 9 के शेष

### धान खरीदी खत्म ...

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व सांसद मोहन मण्डावी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं विरेन्द्र साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, केसी पवार, देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, लीला शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। **मील का पत्थर साबित होंगे विकास कार्यः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि आज के भूमिपूजन और लोकार्पण किए गए विकास कार्य आने वाले समय में जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। साय ने कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से 29 करोड़ 18 लाख रुपए की राशि की लागत से जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के मटियामोती जलाशय के नहरों का लाईनिंग मरम्मत एवं जीर्णोद्धार पुर्ननिर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इस नहर में लाईनिंग मरम्मत एवं जीर्णोद्धार पुर्ननिर्माण कार्य पूरा हो जाने से जिले के अन्नदाता किसानों के खेतों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा।

### लेफ्टिनेंट नर्सिंग ऑफिसर ...

भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयनित होने वाली ग्राम जमरूवा निवासी वीणा साहू को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की मंशा के अनुरूप हमारी सरकार द्वारा सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित कर राज्य को सजाने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है।

### कलंगपुर में मानस ...

जय अम्बे मानस मंडली की प्रस्तुति के साथ किया जायेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष तहसील मानस संघ गुण्डरदेही चन्द्रकुमारी साहू, सरपंच कलंगपुर पुष्पा सिन्हा, सामाज सेवी दिलीप कुमार जैन, उपसरपंच राजेन्द्र कुमार जैन, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कलंगपुर कुशलराम साहू, जे ई सब स्टेशन कलंगपुर लालिमा साहू अतिथिगण के रुप में मानस मंच पर विराजमान रहेंगे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मृतक के परिवार को दी सहयोग राशि

**डौंडीलोहारा।** ग्राम गैंजी में अखिल भारतीय हल्बा समाज द्वारा शक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव से अलंकृत प्रधान पाठक रमनलाल धनेन्द्र, मिडिल स्कूल चिल्हाटी कला ने मृतक परिवार को 1000 रूपये देने की घोषणा की गई थी। इसके तहत ग्राम के सिन्हा परिवार में सुंदरिया सिन्हा की मृत्यु होने पर उनके पुत्र अशोक सिन्हा को सहयोग राशि भेंट की गई।

### शिक्षक बिरेन्द्र कुमार ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भेड़िया नवागांव में शिक्षक बिरेन्द्र कुमार साहू ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अनुकराम ठाकुर, शिक्षक दुष्यंत कुमार पटेल, शिक्षक चोवाराम देवांगन, योगिता राजपूत एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुरेन्द्र कुमार मिथलेस, तामेश्वर प्रसाद कलिहारी, डामेश्वर सिन्हा उपस्थित थे।

### मटिया बी में मड़ई मेला आज

**बालोद।** ग्राम मटिया बी में 9 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। अग्रहिज सिन्हा ने बताया कि रात्रि में बाजार चिखली राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया है।

### 111 खाताधारकों के खातों में आए 86 लाख

**भिलाई।** सैकड़ों की संख्या में अवैध रुप से लाखों रुपए खाता धारकों के खाते में ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। पुलिस को गृह मंत्रालय के पोर्टल से मिली शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 318 (4),61 (2) ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।मोहन नगर पुलिस ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल के द्वारा म्यूल एकाउंट खाता धरकों का अवलोकन कर पाया कि दुर्ग रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित कर्नाटका बैंक शाखा ग्राउंड फ्लोर में है। जिसके 111 खाता धारकों के एकाउंट में अलग-अलग राज्यों में हुए साइबर ठगी द्वारा अर्जित करने के लिए 86 लाख , 33 हजार, 247 रुपए पाए गए है। उक्त 111 बैंक खातों में अवैध रुप से लाभ अर्जित करने के लिए खातों का उपयोग किया गया है। इन खातों को लेकर अन्य राज्यों में ऑन लाइन शिकायत भी दर्ज की गई है। इसे लेकर साइबर क्राइम की टीम खातों के लेनेदेन को लेकर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने किसी भी खाता धारक का नामजद कार्रवाई नहीं किया है। आने वाले दिनों में पुलिस खाता धारकों को उनके आधरा कार्ड समेत उनका डिटेल मंगाकर पूछताछ करने की तैयारी में है।

## आयोजन : शासकीय स्कूल बेल्हारी में संस्कृत श्लोक पाठ केंद्र का हुआ शुभारंभ

# संस्कृत हमारी संस्कृति की संवाहक और हमें इसे संजोए रखना है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय स्कूल बेल्हारी में संस्कृत श्लोक पाठ केंद्र शुभारंभ हुआ। संस्कृत की महता को जन मानस तक पहुंचाने विद्यार्थियों को पारंगत करने में यह केंद्र समय की मांग अनुरूप है। संस्कृत भारती संगठन ने संस्कृत को घर घर तक पहुंचाने की संकल्प शक्ति के साथ यह केंद्र स्थापित किया है। संस्कृत मर्मज्ञ नरेंद्र साहू ने बताया कि भारतीय संस्कृति संस्कृत में रचे गए स्तोत्र एवं स्तुति आदि का शुद्धता से वाचन करना जिससे कि हमारे धर्मग्रंथ में लिखे हुए संस्कृत का सरलता पूर्वक बिना किसी गलती के जन सामान्य उच्चारण कर सकें तथा अपनी सनातन संस्कृति संस्कृत को जीवन में उतार सकें, इसके लिए यह केंद्र बहुत ही लाभकारी है। इस केंद्र में दिया जाने वाला प्रशिक्षण पूर्णता निःशुल्क है, सीखने के लिए कोई भी भाग ले सकता है।

### संस्कृत भारती संगठन ने संस्कृत को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से की है केंद्र की स्थापना



### प्रत्येक मंगलवार 1 घंटा होगा केंद्र का संचालन

इस केंद्र का आयोजन कर्ता संस्कृत भारती संगठन है, जो गृहम् गृहम् संस्कृत के उद्देश्य को लेकर चल रही है, भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत भाषा को जन सामान्य की भाषा बनाने के लिए निरंतर प्रयत्न कर रही है। यह संस्कृत श्लोक पाठ केंद्र प्रत्येक मंगलवार को संध्या 4 बजे से 5 तक सप्ताह में एक घंटा अपने धर्म शास्त्र के अध्ययन के लिए सभी सनातन भाई एवं बहनों को समय देना चाहिए तथा इनका अभ्यास करना चाहिए एवं करवाना चाहिए जिससे कि वह संस्कार आने वाले पीढ़ी में भी संस्कारित हो सके। इस कार्यक्रम के अवसर पर सेजेस विद्यालय बेल्हारी के प्राचार्य योगेंद्र साहू, बेल्हारी संकुल समन्वयक चंद्रशेखर देवांगन तथा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पुलस्थ साहू उपस्थित थे।

### संस्कृत संस्कार से भी अवगत कराती है

इस अवसर पर प्राचार्य वाईके साहू ने कहा कि संस्कृत संस्कार से भी अवगत कराती है। प्राचीन काल से विद्वानों ने संस्कृत भाषा में सभी विद्याओं की रचना कर दी है। उस विद्या रूपी खजाने को पाने के लिए हमें कामधेनु के समान संस्कृत भाषा की सेवा करनी चाहिए। श्लोक पाठ केंद्र स्थापना दिवस पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा 'द्वादश ज्योतिर्लिंग' श्लोक का सस्वर वाचन किया गया। संकुल समन्वयक अपने उद्बोधन में कहा कि हमें प्रतिदिन संस्कृत श्लोक के द्वारा ईश्वर की आराधना करते हुए दिन की शुरुआत करनी चाहिए। संस्कृत श्लोक से हमारी वाणी में शुद्धता और मिठास आती है। शासकीय प्राथमिक शाला बेल्हारी के प्रधान पाठक अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें संस्कृत को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। संस्कृत हमारी संस्कृति की वाहक है और हमें अपने संस्कृति को संजोए रखना है। इस अवसर पर लीलाधर सूर्यवंशी, देवेंद्र कुमार साहू, चंद्रकला साहू, रामखिलावन साहू,उमिथिलेश सेन एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेल्हारी संस्कृत आचार्य नरेंद्र साहू ने किया।

### सहायक शिक्षिका केशर ने कराया नेवता भोज



**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला सहगांव में केशर अलेन्द्र ने अपने पिताजी पुहुप सिंह सुधाकर के जन्म दिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। न्योता भोज में चावल-दाल सब्जी के साथ सेवई-पूड़ी परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन खाकर सभी बच्चे प्रसन्न हुए। इस अवसर पर प्रधान पाठक केएल चुरेन्द्र शरद मालेकर, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, गिरीश कुमार निर्मोही, दीपा आमदो, रेख राम तारम, दुलौरीन सहारा, सुरेखा यामले, लीला यादव, भागवत ठाकुर, नसीद टेमार्य उपस्थित थे।

### खपरी ब में हुईं खेल प्रतियोगिताएं



**गुण्डरदेही।** खपरी ब में ग्रामीणों के सहयोग से एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत आयोजित गोला फेंक, मटका फोड़, जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, गोली चम्मच सहित विभिन्न खेलों में ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस दौरान ग्रामीण चुरामन लाल, खोमन, कृपाराम, कुंवर ब्रम्ह, दूजराम, तोरण, नरोतम, राकेश, गोरेलाल, हलधर, कमलनारायण, खमेदा, अजय, हेमू, दुष्यंत कुमार, छन्नू एवं अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# नए वर्ष पर नगर में निकाली गई नशामुक्त भारत अभियान रैली, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



श्री नवसृजन वेलफेयर फाउंडेशन रायपुर के नेतृत्व में नववर्ष पर 1 व 2 जनवरी को दो दिवसीय यज्ञ,योग,कराते व द्वितीय दिवस में स्कूली बच्चों सहित जिसमें जन जागरूकता, नशामुक्त भारत अभियान रैली को डौंडीलोहारा एस.डी.एम. व नगरपंचायत सी.एम.ओ. ने विशाल शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा पुराना उपस्वास्थ केंद्र से शुरू होकर मस्जिद चौक से होते हुए लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम से भ्रमण करते हुए वापस पुराना उपस्वास्थ केंद्र पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें हजारों नगरवासी सम्मिलित हुए। सभी स्कूलों पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला,शास. कन्या माध्य. शाला,शास. बालक उच्च. माध्य. शाला ,आनंद पब्लिक स्कूल,स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल डौंडीलोहारा के साथ साथ प्रशासनिक व सामाजिक रूप से पुलिस विभाग, वनविभाग, नगरपंचायत, सामाजिक संस्था, चिकित्सा विभाग ,शिक्षा विभाग इन सबका सहयोग मिला। इस शोभा यात्रा में बस्तर से बस्तरिया नृत्य,गायत्री परिवार से नशा नुक्कड़ नाट्य के साथ साथ संध्या कालीन बस स्टैंड के समीप कोमाखान महासमुंद से प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के प्रदेशाध्यक्ष भोला प्रसाद साहू एवं कार्यक्रम संयोजक हुलसिया चौहान व रवि रघुवेंद्र नाथ मानिकपुरी उपस्थित रहे।

# ओबीसी संयोजन समिति कल मनाएगी स्थापना दिवस

**जामगांव आर।** ओबीसी समाज को एससी एसटी और सामान्य वर्ग की तरह ही आबादी के अनुसार समान हिस्सेदारी और सामाजिक सुरक्षा (ओबीसी सुरक्षा अधिनियम) दिलाने अर्थात सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए जारी आज़ादी का दूसरा संघर्ष–ओबीसी जन जागरण महाअभियान को आगे बढ़ाते हुए ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में विगत पांच वर्षों से निरंतर समाज को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम जारी है।



जो पांच वर्ष की यात्रा पूर्ण होने पर 10 जनवरी दिन शुक्रवार को ग्राम बेल्हारी जामगांव आर के बाजार चौक में स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि अधिवक्ता संस्थापक ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ शत्रुहन सिंह साहू, संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष टिकेश्वर अभिनव सिंह, इंजी दुर्ग संभाग अध्यक्ष कीरत राम कुल्हारा, जिला प्रभारी धमतरी समारु राम सिन्हा, जिलाध्यक्ष बालोद बल्दू राम साहू, जिलाध्यक्ष धमतरी चेतन साखरे होंगे। आयोजक समिति दुर्ग जिला कार्यकर्ता अंकालू राम साहू, लक्ष्मण निषाद, शत्रुघन लाल साहू, नरेंद्र धरमगुड़ी, परमानन्द साहू, आनंद राम यादव एवं ओबीसी संगठन प्रचारक युवराज सिंह गंजीर आयोजन को सफल बनाने सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# विधायक प्रतिनिधि विद्या ने स्कूलों में दिया वॉटर फ्रीजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विधायक अनिला भेडिया ने नगर पंचायत उपाध्यक्ष, विद्या शर्मा को आत्मानंद स्कूल, डौण्डीलोहारा के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

विद्या शर्मा विधायक प्रतिनिधी बनने के बाद प्रथम बार आत्मानंद स्कूल डौण्डीलोहारा पहुंचीं, जहां पर शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं से मिलकर स्कूल की प्रमुख समस्याओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने का आग्रह किया। छात्राओं ने बताया कि उन्हें आपपास से पेयजल की व्यवस्था करनी पड़ती है। इसके साथ ही फ्रीजर की मांग की गई। इस पर विधायक प्रतिनिधी एवं उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा विद्या शर्मा ने आत्मानंद स्कूल डौण्डीलोहारा एवं शासकीय पूर्व कन्या माध्यमिक शाला में अपने पार्षद निधि से 01-01 फ्रीजर एवं वार्ड नं.11 में फिसलपट्टी देने की घोषणा की। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं व वार्डवासियों ने विधायक प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया है।



# पक्षी दिवस पर शासकीय विद्यालय मड़ियाकट्टा में हुईं विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया गया। इस अवसर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को राष्ट्रीय पक्षी दिवस कब और क्यों मनाया जाता है इस संबंध में जानकारी दी। श्री पिकेश्वर ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी दिवस हर साल 5 जनवरी को मनाया जाता है।

इस दिन की शुरुआत बोर्न फ्री यू एसए और एवियन वेलफेयर गठबंधन ने 2002 में की थी। इस संगठनों का उद्देश्य पक्षियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उसके संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। धीरे-धीरे यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मनाया जाने लगा है। राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अन्य प्रासंगिक दिन यानी बर्ड डे और विश्व प्रवासी पक्षी दिवस अलग अलग तारीखों पर मनाया जाता है। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन को मनाने से लोगों को पक्षियों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानने में मदद मिलती है। राष्ट्रीय पक्षी दिवस समारोह पक्षियों की समस्याओ के बारे में जागरूकता अभियान चलाने और दुनिया भर के पक्षियों की रक्षा और संरक्षण करने के लिए लोगों को शिक्षित करने के लिए एक मंच और अवसर प्रदान करता है। इस अवसर बच्चों ने चित्रकला, निबंध लेखन, कहानी, कविता, भाषण प्रतियोगिता पक्षियों नाम लिख कर उसके बारे जानकारी व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण पक्षी दिवस महत्व जाना। इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, भूमिका मोवाड़े उपस्थित रहे।





### चाकूबाजी और शिकायत मिलने पर टीआई यादव लाइन अटैच

**भिलाई।** कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने लाइन अटैच किया है। एसपी ने निरीक्षक विजय यादव चाकूबाजी की घटना को गंभीरता से नहीं लिया और लगातार शिकायत मिलने से यह कार्रवाई किया है। स्कूल के वार्षिक उत्सव व शिवपारा में चाकूबाजी की घटना हुई। जिसमें निरीक्षक द्वारा लापरवाही की बात सामने आई है। इसे लेकर एसपी ने मौखिक आदेश देते हुए दुर्ग कोतवाली थाना से हटाकर लाइन अटैच किया है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार रात को निरीक्षक विजय यादव को लाईन अटैच क मौखिक आदेश मिला। उन्होंने तुरंत मंगलवार को ही पुलिस लाइन में आमद दे दी है। बताया जा रहा है दुर्ग कोतवाली में दो चाकूबाजी की वारदात हुई थी।

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# अभाविप की प्रदेश सह मंत्री बनीं मनीषा नगर आगमन पर किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



मनीषा राणा को अभाविप का पुनः जिला संयोजक के दायित्व के साथ ही अभाविप का प्रदेश सहमंत्री बनाया गया है। प्रथम बार कोई छात्रा नगर मंत्री, जिला संयोजक के बाद प्रदेश सह मंत्री के दायित्व से जिले का नाम आगे बढ़ा रही हैं।

उनके द्वारा छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति, जय मां भारती, राष्ट्रीय हित व नई आत्म सम्मान के कार्यों को लेकर तथा सभी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के लिए कार्य करते हुए हमेशा अग्रसर रही है, जो कि नगर इकाई डौंडीलोहारा से हैं।

वहीं अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने नगर मंत्री दीपेश साहू व भरत यादव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ से यह घोषणा 05 जनवरी को अभाविप छत्तीसगढ़ के 57वें प्रदेश अधिवेशन राजनांदगांव से की गई। छत्तीसगढ़ का 57वां प्रदेश अधिवेशन जो की 3 से 5 तारीख तक राजनांदगांव में आयोजित हुआ उसमें संपूर्ण प्रांत के विभिन्न जिलों के विद्यार्थी परिषद के ऊर्जावान कार्यकर्ता सम्मिलित रहे, कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित रहे। अधिवेशन में घोषणा के बाद राजनांदगांव से प्रथम बार बालोद जिला अपने इकाई आगमन पर मनीषा राणा का भाजपा कार्यकर्ता, विश्व हिंदू परिषद तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

उसके बाद उन्होंने श्री शक्तिपीठ मां महाकाली का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संदीप जैन, लाल निर्वेंद्र सिंह टेकाम बलराम गुप्ता, हिरेंद्र गायकवाड़, गैंदमल भंसाली, पलास गुप्ता, प्यारे लाल निषाद, धीरेन्द्र टांक, धर्मेंद्र निषाद सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

दिनांक (05 दिन)
12 जनवरी से 16 जनवरी 2025, 26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 23 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025, 13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांधा),पोखरा ,लुम्बिनी (भगवान बुद्ध की जन्मस्थली),मनोकामना देवी
Ex :- नोतनवा
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8,500/- (+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411